पत्रांक-2862 दि० 19/08/2026

**दिनांक 03.08.2026 को श्री जय सिंह, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्राथमिकता वाले 05 जिलों में चल रहे बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यो को 15 अगस्त 2026 तक निर्धारित लक्ष्य के आलोक में सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किये जाने हेतु की गई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :-**

श्री जय सिंह, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा 15 अगस्त 2026 तक विशेष सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किये जाने हेतु चयनित 05 जिलों यथा– लखीसराय, जहानाबद, अरवल, शेखपुरा, एवं शिवहर में चल रहे विशेष कार्यो के प्रगति की समीक्षा दिनांक 03.08.2026 को की गयी जिसमें श्री सुहर्ष भगत, निदेशक, भू-अभिलेख एवं परिमाप, श्री सुबोध कुमार, सहायक निदेशक, भू-अभिलेख एवं परिमाप तथा निदेशालय स्तर के नोडल पदाधिकारियों ने भाग लिया।

उक्त समीक्षात्मक बैठक में प्राथमिकता वाले चयनित जिलों मे चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यो की दिनांक 03.08.2026 तक प्रपत्र–20 से प्रपत्र–25 के प्रक्रम की प्रगति निम्नवत् पायी गयी :-

| प्रपत्र–20 से प्रपत्र–25 के प्रक्रम का प्रतिवेदन | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | प्रपत्र–20 प्रकाशन के उपरांत प्रपत्र–21 में सुनवाई की अवधि पूर्ण मौजों की संख्या (6+7+8) | प्रपत्र–21 में प्राप्त आपत्ति की स्थिति | | | प्रपत्र–21 में सुनवाई उपरांत तरमीम की स्थिति | | प्रपत्र–25 के लिए SO के स्तर से प्रकाशन हेतु लंबित मौजों की संख्या (6+9–10) | | |
| क्र0 | जिला का नाम | कुल मौजों की संख्या | प्रपत्र–20 प्रकाशित मौजों की संख्या | | शुन्य आपत्ति वाले मौजों की संख्या | आदेश पूर्ण मौजों की संख्या | आदेश हेतु लंबित मौजों की संख्या | तरमीम पूर्ण मौजों की संख्या | तरमीम लंबित मौजों की संख्या | | प्रपत्र–25 प्रकाशित मौजों की संख्या | % |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | शेखपुरा | 284 | 272 | 223 | 16 | 201 | 6 | 160 | 41 | 59 | 117 | 52.47% |
| 2 | लखीसराय | 400 | 193 | 124 | 49 | 60 | 15 | 60 | 0 | 2 | 107 | 86.29% |
| 3 | जहानाबाद | 240 | 192 | 158 | 14 | 144 | 0 | 59 | 85 | 69 | 4 | 2.53% |
| 4 | अरवल | 312 | 132 | 97 | 21 | 76 | 0 | 64 | 12 | 80 | 5 | 5.15% |
| 5 | शिवहर | 80 | 43 | 24 | 0 | 24 | 0 | 12 | 12 | 8 | 4 | 16.67% |
| | कुल | **1316** | **832** | **626** | **100** | **505** | **21** | **355** | **150** | **218** | **237** | 37.86% |

उपरोक्त जिलावार प्रगति के आलोक में निम्नवत् समीक्षा की गयी –

1. जहानाबाद एवं अरवल जिला में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्य के अर्न्तगत प्रपत्र–25 प्रकाशित मौजों की संख्या क्रमशः मात्र 04 एवं 05 पायी गयी तथा प्रपत्र–25 में बन्दोबस्त पदाधिकारी के स्तर से अंतिम प्रकाशन हेतु क्रमशः 69 एवं 80 राजस्व ग्राम लंबित पाये गये। स्पष्ट है कि उक्त जिलें में सर्वेक्षण कार्यो की प्रगति अत्यन्त ही धीमी है जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष व्यक्त किया गया।

   इस संबंध में निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारियों से पृच्छा करने पर उनके द्वारा बताया गया कि वर्तमान में श्री शैलेश कुमार, उप विकास आयुक्त अरवल बन्दोबस्त पदाधिकारी अरवल एवं जहानाबाद के अतिरिक्त प्रभार में है उक्त कतिपय जिलो के प्रगति के संबंध में दूरभाष पर निरंतर समन्वय स्थापित किया जा रहा है, परन्तु उनके द्वारा हमेशा अपने अन्य कार्यो में व्यस्तताओं का हवाला दिया जाता

है। उक्त से स्पष्ट है कि बन्दोबस्त पदाधिकारी, अरवल / जहानाबाद द्वारा उनके जिले में चल रहे सर्वेक्षण कार्यो में अभिरूची नहीं ली जा रही है।

तत्पश्चात् अधोहस्ताक्षरी द्वारा उप विकास आयुक्त अरवल–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी जहानाबाद / अरवल से दूरभाष पर उक्त दोनों जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी के स्तर पर लंबित कुल 69+80 = 149 मौजे के प्रपत्र 25 में अंतिम प्रकाशन ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया। निदेशालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जहानाबाद के 158 एवं अरवल के 97 मौजों में अंतिम अधिकार अभिलेख संबंधी कार्य ससमय पूर्ण नहीं होने की दशा में यह माना जायेगा कि इनके द्वारा जान–बूझकर विशेष सर्वेक्षण जैसा महत्वपूर्ण तथा समयबद्ध कार्यक्रम को लंबित रखा गया है जिसके आलोक में नियमानुसार अग्रेत्तर अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

**(अनुपालनः बन्दोबस्त पदाधिकारी, जहानाबाद / अरवल)**

2. शेखपुरा जिले में चल रहे सर्वेक्षण कार्यो की प्रगति की समीक्षा के क्रम में बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा के स्तर से 59 राजस्व ग्राम अंतिम प्रकाशन हेतु लंबित पाया गया।

इस संबंध में पृच्छा करने पर निदेशालय में पदस्थापित संबंधित नोडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रपत्र–25 में अंतिम प्रकाशन वाले राजस्व ग्रामों का बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा द्वारा निर्धारित दल द्वारा जाँच किये जाने के उपरांत पुनः स्वंय भी जाँच किया जा रहा है, जिससे अतिरिक्त समय लग रहा है।

उपरोक्त के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दूरभाष पर संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी से पृच्छा करने पर उनके द्वारा बताया गया कि प्रपत्र–25 में अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशन हेतु लंबित कई राजस्व ग्रामों से संबंधित आदेश अभिलेख गुम (Missing) पाये जा रहे है। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा पृच्छा कि गई कि वर्णित मामले में उनके द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गयी है।

निदेशालय में पदस्थापित संबंधित नोडल पदाधिकारी को तत्संबंधी मामले की जाँच कर विस्तृत प्रतिवेदन यथाशीघ्र अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा / निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल दाधिकारी)**

3. समीक्षा के क्रम मे शिवहर जिला में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण हेतु चयनित 80 राजस्व ग्रामों में से अब तक प्रपत्र–20 में 43 राजस्व ग्राम का प्रकाशन तथा निर्धारित लक्ष्य 24 राजस्व ग्रामों में से मात्र 04 राजस्व ग्रामों का प्रपत्र–25 में प्रकाशन किया गया। बन्दोबस्त पदाधिकारी के स्तर से 08 राजस्व ग्राम प्रपत्र–25 में लंबित पाया गया। शिवहर में मात्र 80 मौजा होने बावजूद भी गत 06 वर्षो में अब तक की प्रगति पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष व्यक्त करते हुए लंबित कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : बन्दोबस्त पदाधिकारी, शिवहर)**

4. प्रथामिकता वाले उल्लेखित 05 जिलों मे चल रहे सर्वेक्षण कार्यो की प्रगति पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित नोडल पदाधिकारियों को उक्त जिलों में चल रहे सर्वेक्षण कार्यो में लंबित राजस्व ग्रामों का प्रपत्र–25 में अंतिम प्रकाशन सुनिश्चित कराने हेतु दिनांक 04.08.2026 से 05.08.2026 तक भ्रमण एवं अनुश्रवण कार्यक्रम निर्धारित कर संबंधित जिलो के कार्यो को ससमय पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल दाधिकारी)**

5. प्राथमिकता वाले जिला में कार्य की महत्ता को देखते हुए सभी सार्वजनिक अवकाशों में बन्दोबस्त कार्यालयों / शिविरों को खोलकर प्रत्येक दशा में निर्धारित समयावधि में निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन : बन्दोबस्त पदाधिकारी, अरवल, जहानाबाद, लखीसराय, शेखपुरा, एवं शिवहर)**

6. निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी को अपने–अपने आवंटित जिले में 15 अगस्त 2026 तक पूर्ण किये जाने वाले लक्ष्यों के अतिरिक्त प्रपत्र–20 से पूर्व के प्रक्रम की प्रगति का निरंतर अनुश्रवण करने का अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले नोडल पदाधिकारी)**

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

**ह0 / –**
**(जय सिंह)**
सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना

**e-Mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**
**स0सं0:– 03 / भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे0–10 / 2022**

ज्ञापांक : **03 / भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे–10 / 2022**......2862......**पटना, दिनांक**:19/08/2026

**प्रतिलिपि** : संबंधित जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी(मु0) / तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

19-8-26

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे–10 / 2022 2862 पटना, दिनांकः 19/08/2026

**प्रतिलिपि** : उप सचिव / सहायक निदेशक / सभी प्रशाखा पदाधिकारी / निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग / प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप विभागीय बेवसाई पर अपलोड करने हेत सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

19-8-26

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे–10 / 2022 2862 पटना, दिनांकः 19/08/2026

**प्रतिलिपि** : निदेशक कोषांग को सूचनार्थ प्रेषित।

19-8-26

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे–10 / 2022 2862 पटना, दिनांकः 19/08/2026

**प्रतिलिपि** : सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

19-8-26

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे–10 / 2022 2862 पटना, दिनांकः 19/08/2026

**प्रतिलिपि** : माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

19-8-26

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,